फुटबॉल | अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप, पांचवें दिन हुए रोमांचक मुकाबले

# पश्चिम मध्य रेलवे की 3-0 से आसान जीत





**नवभारत, जबलपुर ।** पश्चिम मध्य रेल की मेजबानी में आयोजित 81वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप के लीग राउंड के पांचवें दिन विभिन्न मैदानों पर रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता 24 सितम्बर तक आयोजित होगी। चैंपियनशिप में 13 रेलवे टीमें दो पूलों में विभाजित होकर लीग मुकाबलों में हिस्सा ले रही हैं। मुकाबलों के दौरान सहायक कार्मिक अधिकारी सचिपति नंदन सहित रेलवे के अधिकारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### उत्तर सीमांत रेलवे की रोमांचक जीत

पांचवें दिन शिवाजी ग्राउंड, सदर में खेले गए मुकाबलों में उत्तर पश्चिम रेलवे ने दक्षिण तटीय रेलवे को 8-5 से पराजित किया। रेलवे स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में पश्चिम मध्य रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 3-0 से और उत्तर सीमांत रेलवे ने रेल व्हील फैक्ट्री को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 1-0 से पराजित किया।

### मुकाबले खेलप्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे

प्रतियोगिता के आगामी लीग मुकाबलों में विभिन्न रेलवे टीमों के खिलाड़ी अपने खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। जबलपुर में आयोजित ये मुकाबले खेलप्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पश्चिम मध्य रेल द्वारा इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी रेलवे में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## सीपीसीटी छूट का आदेश जारी नहीं होने से अटकी नियुक्ति

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की बैठक में कर्मचारियों से जुड़े लंबित मुद्दों को लेकर सरकार से शीघ्र निर्णय की मांग उठी। फेडरेशन महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सीपीसीटी परीक्षा की अनिवार्यता से छूट देने की घोषणा के बावजूद अब तक आदेश जारी नहीं हुआ है, जिससे संविदा आधार पर कार्यरत अनुकंपा आश्रितों की नियमित नियुक्ति और नियमित कर्मचारियों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। फेडरेशन ने सीपीसीटी से पूर्ण छूट का आदेश जल्द जारी करने के साथ नई भर्ती से पहले वर्ष 2000 से 2012 के बीच मृत कर्मचारियों के आश्रितों को बिना शर्त नियमित अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों को नई भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग भी रखी गई। संविदा अनुकंपा कर्मचारियों के नियमितीकरण में सीपीसीटी से छूट की मांग फेडरेशन पहले भी उठा चुका है। बैठक में पाठक ने बिजली कंपनियों के संविदा, नियमित कर्मचारियों और पेंशनर्स को पूर्व की तरह बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट देने, लंबित महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का आदेश एक साथ जारी करने तथा राज्य पुनर्गठन की धारा 49(6) समाप्त करने की घोषणा का आदेश जारी करने की मांग भी रखी। उन्होंने समान कार्य के लिए समान वेतन से जुड़े हाईकोर्ट के आदेश के मामले में शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट जाने पर भी कर्मचारियों के हित में पुनर्विचार की अपेक्षा जताई। बैठक में उमाशंकर मेहता, एनके यादव, रामेश्वर गांगे, अवसार अहमद, गोपाल चौहान, दिलीप शर्मा, दीपेश दुबे, कार्तिक शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।



# यादव समाज ने उत्साह से मनाई राधा अष्टमी

**तिलवाराघाट स्थित राधा कृष्ण मंदिर में धार्मिक आयोजन**

**नवभारत, जबलपुर।** यादव समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी राधा कृष्ण मंदिर तिलवारा घाट में राधा अष्टमी का कार्यक्रम बड़ी ही भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मंदिर में विराजमान राधा कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना की गई और फिर उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ। इस दौरान अहीर नृत्य की टोलियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में यादव महासभा जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बडडा द्वारा श्री रामचरितमानस पुस्तकों का सभी वरिष्ठ एवं बुजुर्गों को वितरण किया गया ।

इस अवसर पर मंदिर समिति के सीताराम यादव, रामेश्वर यादव, बालबोध यादव, गौतम यादव आदि ने मंदिर विकास हेतु चर्चा की । कार्यक्रम के अंत में खीर प्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया गया । इस मौके पर

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के संभागीय अध्यक्ष विजय यादव ,शहर अध्यक्ष नरेश यादव,: धर्मेंद्र यादव, मोहन यादव ,राजा यादव, राकेश यादव जनपद सदस्य विनय यादव, सरमन यादव जितेंद्र यादव मीडिया प्रभारी, दीपचंद यादव, रघुवीर यादव, संतोष यादव, सुनील यादव, गुलाब यादव, राकेश यादव, बबलू यादव, मुन्ना यादव, छोटे यादव, आदि सैकड़ो स्वजाति बंधु उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में रेलवे परिसरों की सफाई



**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तीसरे दिन तीनों मंडलों और दोनों कारखानों में चिन्हित स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों और कचरा संवेदनशील स्थलों पर सघन सफाई अभियान चलाया गया। जबलपुर मंडल में रेलवे स्टेशन से लगी अप्रोच रोड और अपर लाइन रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्रमदान कर कचरा व अपशिष्ट हटाया। भोपाल मंडल में हबीबगंज रेलवे कॉलोनी, इटारसी रेलवे कॉलोनी और सीआरडब्ल्यूएस निशातपुरा में चिन्हित स्थलों की गहन सफाई के साथ उनका कायाकल्प किया गया। सफाई से पहले और बाद की स्थिति दर्ज कर बदलाव को भी रेखांकित किया गया। कोटा मंडल में स्टेशन परिसरों, रेलवे कॉलोनियों, यार्ड, ट्रैक के आसपास सहित अन्य रेल परिसरों में पुराने कचरे और अपशिष्ट को हटाकर स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया जा रहा है। रेलवे ने सफाई के बाद दोबारा कचरा न जमा हो, इसके लिए नियमित निगरानी और स्थायी स्वच्छता व्यवस्था पर जोर दिया है। 'स्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत' थीम पर चल रहा यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा। पश्चिम मध्य रेल ने यात्रियों, रेलकर्मियों, उनके परिवारों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों और आमजन से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।




## राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह को आप ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत, जबलपुर।** आम आदमी पार्टी जबलपुर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर हॉल गोदाम चौक स्थित उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने अंग्रेजी शासन के अत्याचार के सामने दोनों अमर बलिदानियों के अडिग साहस और देश के लिए दिए गए बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका संघर्ष और शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आप जिला अध्यक्ष रीतेश सिंह, सचिव आदेश दुबे सहित कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर आयोजन में सहभागिता की। पार्टी के अनुसार कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री के आगमन के कारण कार्यक्रम स्थल की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहा, बावजूद इसके कार्यकर्ता आयोजन स्थल तक पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने बलिदानियों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया।

# विवाद के बाद खंदारी नाले में कूदा युवक

**पुलिस मौके पर, रेस्क्यू टीम का इंतजार**



**नवभारत, जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत अंतर्गत बिलहरी-तिलहरी रोड पर शनिवार देर रात डी मार्ट के समीप कुछ युवकों से हुए आपसी के बाद पिंक सिटी निवासी अर्जुन नामक युवक ने खंदारी पुल से नीचे गहरे नाले में छलांग लगा दी। घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू टीम का इंतजार किया जा रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार रात डी मार्ट के पास अर्जुन का कुछ अन्य युवकों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बहस इतनी बढ़ गई कि आवेश में आकर युवक सीधे खंदारी पुल पर पहुंचा और देखते ही देखते उसने गहरे खंदारी नाले में छलांग लगा दी। युवक के नाले में कूदते ही मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही गोराबाजार पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। नाला गहरा होने के कारण पुलिस ने तुरंत एसडीआरएफ को रेस्क्यू के लिए सूचित किया। हालांकि, देर रात करीब 11:26 बजे तक एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी थी, जिससे राहत कार्य शुरू होने में देरी हो रही थी। पुलिस ने मौके पर मौजूद चश्मदीदों और युवक के परिचितों से पूछताछ कर रही है ताकि विवाद के असली कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि विवाद किन युवकों से हुआ था और वे कौन थे।

### एक नजर में

**मंथनश्री का वार्षिकोत्सव आज**

**जबलपुर।** सृजन, संस्कृति और संगीत को समर्पित अंतरराष्ट्रीय संस्था मंथनश्री का वार्षिकोत्सव, कृति लोकार्पण एवं अलंकरण समारोह 20 सितंबर को शाम 4 बजे रानी दुर्गावती संग्रहालय की कला वीथिका में आयोजित होगा। मंथनश्री अध्यक्ष संतोष नेमा और महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय साझा काव्य संकलन 'पितृ नमन' सहित वरिष्ठ साहित्यकार अमरेन्द्र नारायण की तीन कृतियों का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में परम पूज्य श्रीमद् जगतगुरु स्वामी डॉ. बालगोविन्दाचार्य महाराज की उपस्थिति रहेगी, जबकि अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे करेंगे। मुख्य अतिथि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. कपिल देव मिश्रा होंगे। समारोह में साहित्य, कला एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का अलंकरण एवं सम्मान किया जाएगा। सारस्वत अतिथि आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे तथा विशिष्ट अतिथि संदीप जैन, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, उज्ज्वल शुक्ला, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय नेमा और अनुज मौजूद रहेंगे।

# सम्पत्ति कर-जल शुल्क में दी जा रही विशेष छूट में बचे अब 11 दिन शेष

**सितंबर अंत तक छूट का लाभ उठाएं करदाता : महापौर**

**नवभारत, जबलपुर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा और राहत के लिए सम्पत्ति कर एवं जल शुल्क में दी जा रही विशेष छूट की अवधि समाप्त होने में अब केवल 11 दिनों का समय शेष बचा है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 30 सितंबर तक सम्पत्ति कर के भुगतान पर 6.25 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए जल शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है। महापौर जगतबहादुर सिंह 'अन्नू', राजस्व प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से शहर के सम्मानित करदाताओं से अपील की है कि वे समय सीमा का ध्यान रखते हुए इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और शहर के विकास में अपना योगदान दें।




### रविवार अवकाश के दिन भी खुलेंगे कैश काउंटर

नागरिकों को कर जमा करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निगमायुक्त ने विशेष व्यवस्था की है। नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों तथा मुख्यालय के कैश काउंटर रविवार के अवकाश दिवसों में भी सामान्य रूप से खुले रहेंगे, ताकि नौकरीपेशा एवं व्यस्त नागरिक भी आसानी से अपना कर जमा कर सकें।

### बड़े बकायादारों से कर भुगतान की पुन: अपील

नगर निगम द्वारा पूर्व में आयोजित लोक अदालत के माध्यम से भी बड़े बकायादारों एवं बिल्डरों से बकाया राशि जमा करने का अनुरोध किया था। समीक्षा बैठक में यह तथ्य सामने आया है कि कई बकायादारों द्वारा अभी तक अपनी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान न करने पर कुर्की, नीलामी की कार्रवाई भी निगम द्वारा कर दी जाएगी।

# प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

**मेरे सपनों का भारत विषय पर स्कूलों में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता**



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और चित्रों एवं भाषण के माध्यम से अपने सपनों के भारत की कल्पना प्रस्तुत की। अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय पनागर में आयोजित मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता में विधायक सुशील कुमार तिवारी इंदू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये। इसके साथ ही मेडिकल स्थित सांदीपनि विद्यालय सहित कई और शालाओं में भी मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और विचारों को प्रस्तुत किया।

चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जबकि अन्य प्रतिभागियों को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

# भाषा की समृद्धि ही राष्ट्र के उन्नयन में सहायक : प्रो . शुक्ल

**नवभारत, जबलपुर।** डीएन जैन महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़े के तहत हिंदी भाषा की उपयोगिता और रोजगार के अवसरों पर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि भाषा की समृद्धि राष्ट्र के उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद हिंदी के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की नई संभावनाएं खुली हैं। युवाओं को भाषा ज्ञान के साथ तकनीकी और संचार कौशल विकसित कर इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।

विषय विशेषज्ञ जीएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार व्यास ने हिंदी को आत्मगौरव और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी भाषा बताते हुए बदलते दौर में इसके नए क्षेत्रों में बढ़ते विस्तार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तरुण कुमार बाजपेयी ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, प्रशासन, मीडिया, तकनीक और रोजगार के क्षेत्र में हिंदी की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. एचएन मिश्रा ने किया, जबकि आभार डॉ. शैलेश जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. शिखा ताम्रकार, कु. राधा मौर्य, अनुराग नामदेव, अमित कश्यप, कु. रूपा कहार, सत्येंद्र शुक्ला सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता | सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में श्रीगणेश पर्व पर आयोजन

# रंगोली में उकेरी श्रीगणेश की आकृति






**नवभारत, जबलपुर।** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में श्रीगणेश पर्व के अवसर पर श्री सुप्तेश्वर विकास समिति की ओर से रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मातृशक्ति और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने रंगों से भगवान श्रीगणेश की आकर्षक आकृतियां उकेरकर अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। आयोजन को सफल बनाने में प्रतियोगिता प्रभारी मंजू पटेल के साथ पुष्कल चौधरी, स्मिता चौधरी, वैशाली कर्णीक, अभिलाषा नेमा, टिशू सिंह, ललिता अग्रवाल, सीमा राय और तृप्ति भल्ला सहित अन्य सहयोगियों की भूमिका रही।

# एक कॉल से मिलेगी मदद, बताया 1098 का महत्व




**नवभारत, जबलपुर।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल तथा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और जिला बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय माध्यमिक विद्यालय करौंदीग्राम में चाइल्ड हेल्पलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के मुख्य वक्ता अनुज शर्मा ने छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में निर्भीक होकर टोल फ्री नंबर 1098 पर संपर्क करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय एक फोन कॉल तत्काल मदद का रास्ता खोल सकता है। छात्राओं को 'चाइल्ड मित्र' के रूप में दूसरों की मदद के लिए आगे आने तथा बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जागरूकता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। 200 से अधिक छात्राओं ने मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं, जिससे पर्यावरण अनुकूल उत्सव का संदेश दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुज शर्मा व सचिन मेहरा, विद्यालय प्राचार्य जीपी झारिया तथा कदम संस्था के राजा दीक्षित और सुरेंद्र सिंह ने छात्राओं को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ अरविंद दीक्षित, आरबी सक्सेना, बीरेंद्र ठाकुर, अमित गुप्ता, ब्रजेश मौर्य और संजय दुबे का सहयोग रहा।